# करोड़ों श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मैदान में उतरा प्रशासन

**▸ मार्ग चौड़ीकरण से लेकर फ्लायओवर और अंडरपास, अंडर पास पर सख्त नजर**

**उज्जैन।** सिंहस्थ-2028 को विश्व स्तरीय और अलौकिक स्वरूप देने की तैयारियां अब जमीन पर तेज रफ्तार पकड़ती दिखाई दे रही हैं। करोड़ों श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सुगम यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए शहर के प्रमुख मार्गों पर चौड़ीकरण, फ्लायओवर, अंडरपास और सिक्स लेन सड़क निर्माण कार्य युद्धस्तर पर जारी हैं।

गुरुवार को संभागायुक्त सह सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह और कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने सिंहस्थ से जुड़े निर्माण कार्यों का नियमित निरीक्षण कर प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान स्पष्ट किया गया कि मुख्यमंत्री डॉ. की मंशानुसार सिंहस्थ-2028 को केवल धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि विश्व स्तरीय व्यवस्थाओं वाले महापर्व के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसके लिए सभी विकास कार्य तय समय सीमा में और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएंगे। लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



### रोटरी बनेगी-मंदिरों के देखे मार्ग

कवेलू कारखाना चौराहा पर निर्माणाधीन अंडरपास के डिजाइन और नक्शे का भी परीक्षण किया गया। यहां श्रद्धालुओं और आम नागरिकों की आवाजाही को आसान बनाने के लिए रोटरी निर्माण का सुझाव दिया गया। अधिकारियों ने माना कि रोटरी बनने से यातायात दबाव कम होगा और भीड़ नियंत्रण में भी बड़ी सहायता मिलेगी। सिंहस्थ के दौरान लाखों वाहनों की आवाजाही को देखते हुए यह व्यवस्था महत्वपूर्ण मानी जा रही है। निरीक्षण के दौरान काल भैरव मंदिर मार्ग, सिद्धवट मार्ग और भैरवगढ़ चौराहा से कालियादेह पैलेस तक प्रस्तावित फोरलेन सड़क और फ्लायओवर निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने माना कि सिंहस्थ के दौरान इन मार्गों पर सबसे अधिक दबाव रहेगा, इसलिए फ्लायओवर और चौड़ीकरण परियोजनाएं यातायात प्रबंधन की रीढ़ साबित होंगी।

### मकोड़िया आम वाले सिक्सलेन का अवलोकन

इसके बाद मकोड़िया आम से सांदीपनि आश्रम मार्ग तक निर्माणाधीन 1.70 किलोमीटर लंबे सीमेंट कांक्रीट सिक्स लेन मार्ग का निरीक्षण किया गया। यह मार्ग धार्मिक और पर्यटन दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सड़क निर्माण के साथ-साथ विद्युत पोल शिफ्टिंग, खुदाई, सबग्रेड निर्माण और विद्युतीकरण कार्य भी समानांतर रूप से चल रहे हैं। मार्ग के किनारे लगभग 220 मीटर लंबी रिटेनिंग वॉल का निर्माण भी प्रगति पर है।

# पारदी डेरों पर दबिश, 147 संदिग्ध हिरासत में

**▸ 25 दो पहिया जब्त, 22 पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई**



**उज्जैन।** वाहन चोरी और अपराधों पर रोकथाम के उद्देश्य से बुधवार गुरुवार पुलिस ने एक साथ पारदी डेरों पर दबिश मारी। 147 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया। 25 से अधिक दो पहिया वाहन जब्त किए गए हैं जिनकी जांच की जा रही है।


पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने बताया कि अपराधों पर अंकुश बनाए रखने और संपत्ति अपराधों की रोकथाम के लिए लगातार पुलिस द्वारा प्रयास किया जा रहे हैं। कुछ दिनों पहले कांबिंग गश्त की गई थी। वहीं बुधवार गुरुवार रात एक साथ कार्तिक मेला ग्राउंड, पंवासा, चिमनगंज क्षेत्र स्थित आकाश पेट्रोल पंप के पास, भैरवगढ़ क्षेत्र और थाना घट्टिया क्षेत्र स्थित लाखेड़ा पारदी डेरो पर दबिश मारी गई। 147 संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया वहीं डेरो से 25 वाहन भी बरामद किए गए। कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर पूर्व आलोक शर्मा के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक अनुभाग कोतवाली राहुल देशमुख और नगर पुलिस अधीक्षक अनुभाग जीवाजीगंज पुष्पा प्रजापति के नेतृत्व में संबंधित थाना प्रभारियों, बल एवं साइबर सेल पुलिस टीम के संयुक्त समन्वय से संपादित की गई थी। साइबर सेल टीम द्वारा तकनीकी विश्लेषण, डिजिटल डेटा मॉनिटरिंग तथा संदिग्ध व्यक्तियों की लोकेशन ट्रैकिंग के आधार पर उनकी गतिविधियों एवं दैनिक आवागमन का विस्तृत विश्लेषण किया गया। हिरासत में लिए गए संदिग्धों में से 22 अपराधिक प्रवृत्ति के होना सामने आए हैं जिनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। जब्त किए गए वाहनों की जांच की जा रही है चोरी के पाए जाने पर संबंधितों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर में



### दस दिवसीय मोढ़ी लिपि कार्यशाला का समापन

**उज्जैन।** मोडी लिपि केवल लिपि मात्र नहीं है, अपितु वह शताब्दियों का इतिहास, संस्कृति, सभ्यता की धरोहर है। इस लिपि के संरक्षण से इन सबका संरक्षण स्वयंमेव हो जाता है। उक्त विचार प्रो. शैलेन्द्र शर्मा ने कालिदास संस्कृत अकादमी, उज्जैन एवं मराठी साहित्य अकादमी, भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दस दिवसीय मोडी लिपि कार्यशाला के समापन अवसर पर व्यक्त किए। आपने कहा कि हमारे यहां लिपियों का इतिहास अत्यन्त प्राचीन है, इसका प्रचार-प्रसार सम्पूर्ण विश्व में दिखाई देता है। प्रास्ताविक उद्बोधन में कालिदास संस्कृत अकादमी उज्जैन के निदेशक डॉ. गोविन्द गन्धे ने कहा कि मोडी लिपि एक रहस्यमयी लिपि के रूप में जानी जाती है क्योंकि इसका उपयोग राजा-महाराजाओं द्वारा गोपनीय संदेशों के आदान-प्रदान के लिए भी किया जाता था। इस लिपि का इतिहास 800 वर्ष पुराना है। मराठी साहित्य अकादमी के निदेशक डॉ. सन्तोष गोडबोले ने कहा कि लिपि का अभ्यास निरन्तर होना चाहिए। आज इस लिपि को पढ़ने वाले लोगों की अत्यन्त आवश्यकता है। प्रशिक्षण कार्यशाला में पुणे तथा नागपुर से आए डॉ. अमोल शि. मोहळकर एवं डॉ. मनोज दा. मरस्कोल्हे ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण कार्यशाला में डॉ. सदानन्द त्रिपाठी, श्री गोपाल महाजन, माया बधेका, मोनिका प्रजापत, राजश्री पाठक, डॉ. विद्या जोशी, महेन्द्र गोरे आदि ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस अवसर पर डॉ. पंकज चांदोरकर, श्री आनन्दीलाल जोशी, श्री दीपक गुप्ता, डॉ. राजश्री जोशी आदि उपस्थित थे। कार्यशाला का संचालन अजय मेहता ने किया। आभार श्री अनिल बारोड़ ने माना।



### चारधाम यात्रियों का किया भव्य स्वागत

**उज्जैन।** सत्यजीत फाउंडेशन द्वारा चारधाम यात्रा पर रवाना हो रहे श्रद्धालुओं का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। 20 दिवसीय इस पावन यात्रा के लिए यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए मंगलमय एवं सुरक्षित यात्रा की कामना की गई। सत्यजीत फाउंडेशन के सचिव गोपाल राठौर ने जानकारी देते हुए बताया कि आदर्श राजीव नगर कॉलोनी के आठ श्रद्धालुओं सहित उज्जैन से कुल 120 यात्रियों का जत्था चारधाम यात्रा के लिए रवाना हुआ। यात्रा के शुभारंभ अवसर पर सभी यात्रियों का पुष्पमालाओं से स्वागत कर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर फाउंडेशन के राहुल गेहलोत, तेजूलाल चौहान, अजय राठौर, दीपक राठौर, पवन राठौर, विष्णुकांता राठौर, ममता जी सहित अन्य सदस्यों ने यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि चारधाम यात्रा भारतीय संस्कृति एवं आस्था का महत्वपूर्ण प्रतीक है। सभी यात्रियों की यात्रा सुखद, सफल एवं मंगलमय हो, यही कामना की गई।



### पंच दिवसीय शिवशक्ति यज्ञ का समापन आज

**उज्जैन।** गऊघाट स्थित श्री करुणामई नारायण समिति के द्वारा श्री पंच दिवसीय पच्य कुण्डात्मक शिव शक्ति महायज्ञ विगत 4 मई से प्रारंभ होकर 8 को समापन होगा। शुक्रवार को प्रातः देव पूजन, हवन पूर्णाहुति एवं नगर प्रसादी होगी। मयूरी शर्मा के सानिध्य में क्षिप्रा आरती संपन्न होगी। आयोजन समिति के भरत माली, नंदकिशोर परमार, जितेन्द्र खिंची, अमरदीप शर्मा, बाबूलाल शर्मा, दीपक गुप्ता, सुनील गुप्ता, मनोज मालवीय, अरुण सिलोदिया, आशीष अग्रवाल, चेतन परमार, पवन बनवारी, शैलू खत्री, गोविन्द सोलंकी, भरत सोलंकी, शंकर धानुक एवं श्री करुणामई नारायण धाम आश्रम व आयोजन समिति ने उज्जैन शहर वासियों से आयोजन में शामिल होने की अपील की है।

### होमगार्ड ने शुरू किया आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण

**उज्जैन।** आगामी मानसून को दृष्टिगत रखते हुए होमगार्ड, एसडीआरएफ विभाग ने बाढ़ बचाव एवं आपदा प्रबंधन के लिए विभिन्न थानों एवं गार्डों में तैनात जवानों को 7 मई को लालपुल स्थित क्षिप्रा नदी में तैराकी, ड्राय रेस्क्यू डीपडायविंग एवं वोट हंडलिंग का प्रशिक्षण दिया। यह तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम है इसके प्रथम दिवस प्रशिक्षण सत्र में होमगार्ड एवं एसडीआरएफ 35 जवान सम्मिलित हुए। जिला कमांडेंट होमगार्ड संतोष जाट ने बताया कि उक्त प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य होमगार्ड विभाग में कौशल क्षमता उन्नयन करना है, इस प्रशिक्षण द्वारा होमगार्ड विभाग में उपलब्ध मानव संसाधनों को कुशल तैराक एवं कुशल वोट हैंडलर में परिवर्तित करना है इसके अंतर्गत 180 कुशल तैराक एवं 70 वोट हैंडलर सहित 20 डीप डायवर्स तैयार करना है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्लांटून कमांडर पुष्पेंद्र त्यागी एवं गायत्री वर्मा व सहायक उप निरीक्षक भैरुलाल सारेल एवं आपदा में दक्ष एसडीआरएफ उज्जैन की टीम उपस्थित रही।

# पुराने विवाद को लेकर कंचनपुरा में तोड़फोड़

**▸ विवाद की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, जांच में जुटी**

**उज्जैन।** पुराने विवाद को लेकर बुधवार गुरुवार रात में कुछ लोगों ने एक मकान में घुसकर तोड़फोड़ की और महिलाओं से मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। विवाद की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। तोड़फोड़ और मारपीट करने वालों की तलाश की जा रही है।

कंचनपुरा में भागीरथ रायकवार का मकान बना हुआ है। भागीरथ आईटीआई में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी है। रात में वह ड्यूटी पर चला गया था। घर में उसकी पुत्री पूजा और मां भगवती बाई थी। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले गोलू उर्फ सूर्या का ढांचाभवन में रहने वाला जीजा अपने 8-10 साथियों के साथ शराब पीकर पहुंचा और भागीरथ के मकान का दरवाजा तोड़कर अंदर घुस गया। सभी ने घर में तोड़फोड़ करने के साथ पूजा, भगवती बाई से मारपीट की। विवाद की खबर लगने पर समीप रहने वाली पूजा की बुआ उषा और काका का लड़का भरत बीच बचाव के लिए पहुंचे तो उन्हें भी बुरी तरह मारा गया। हंगामा होने पर आसपास के लोग भी एकत्रित हो गए। तोड़फोड़ और मारपीट करने वाले भाग निकले। मामले की जानकारी लगते ही पुलिस कंचनपुरा पहुंच गई थी। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। पूजा ने बताया कि पड़ोस में रहने वाले गोलू उर्फ सूर्या और उसकी मां रीना से दो साल पुराना विवाद चला आ रहा है। आए दिन इसी बात को लेकर गाली गलौच की जाती है। रात में भी गोलू का जीजा अपने साथियों के साथ आया था और उसने मारपीट कर घर में तोड़फोड़ की है। मामले में माधवनगर पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर तोड़फोड़ करने वालों की तलाश शुरू की गई है।

### सद्भावना स्मारिका का विमोचन कल

**उज्जैन।** वरिष्ठ गांधीवादी, समर्पित समाजसेवी एवं शिक्षाविद कर्मयोगी स्व. कृष्णमंगलसिंह कुलश्रेष्ठ एडवोकेट' के पुण्य स्मरण दिवस पर 9 मई शनिवार को सायं 5 बजे भारतीय ज्ञानपीठ परिसर में आयोजित समारोह में उनकी स्मृतियों को ससम्मान स्मरण किया जाएगा। इस अवसर पर सद्भावना स्मारिका का विमोचन किया जाएगा। यह स्मारिका 24वीं अखिल भारतीय सद्भावना व्याख्यानमाला में प्रखर वक्ताओं द्वारा व्यक्त विचारों का संकलन है। समारोह के मुख्य अतिथि होंगे महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन के कुलगुरु प्रो. शिवशंकर मिश्र। अध्यक्षता करेंगे सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के पूर्व कुलगुरु प्रो. बालकृष्ण शर्मा। विशेष अतिथि प्रेम नारायण नागर उपस्थित रहेंगे। सद्भावना स्मारिका की समीक्षा श्रीराम दवे प्रस्तुत करेंगे। सद्भावना व्याख्यानमाला समिति के प्रमुख युधिष्ठिर कुलश्रेष्ठ एवं अमृता कुलश्रेष्ठ ने शहर के प्रबुद्ध नागरिकों, शिक्षाविदों, साहित्यकारों एवं समाजसेवियों से कार्यक्रम में उपस्थित रहने की अपील की है।

# पॉवर लिफ्टिंग और डेड लिफ्ट स्पर्धा 10 को

**▸ जिले भर से 230 खिलाड़ी दिखाएंगे दमखम, मिलेंगे नकद पुरस्कार**

**उज्जैन।** मप्र पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन के तत्वाधान में 28वीं जिला स्तरीय क्लासिक पॉवर लिफ्टिंग और डेड लिफ्ट चैंपियनशिप 2026 का भव्य आयोजन 10 मई को नागदा में किया जाएगा। मातृत्व दिवस और स्वर्गीय फिलोमेना एंथोनी की पावन स्मृति में उज्जैन जिला पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन तथा मदर मैरी हायर सेकेंडरी स्कूल द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस स्पर्धा में जिले भर के लगभग 230 खिलाड़ी भाग लेंगे। जय सिंह यादव और सचिव कमल नंदवाना ने बताया कि प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का वजन और पंजीयन शुक्रवार 8 मई को दोपहर 12 बजे से 2 बजे के मध्य तरण ताल परिसर स्थित स्वस्थ संसार व्यायाम केंद्र में किया जाएगा। मुख्य स्पर्धा 10 मई को सुबह 9 बजे से तीन अलग-अलग स्टेजों पर एक साथ शुरू होगी। आयोजन को सफल बनाने के लिए बलराम यादव, शोएब कुरैशी, नरेंद्र मालवीय, अनिल चावंड, और मनोज कपासिया ने जिले के सभी खिलाड़ियों से इस प्रतियोगिता में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करने की अपील की है।

### इन वर्गों में होगी स्पर्धा और मिलेंगे पुरस्कार

जह चैंपियनशिप सब जूनियर, जूनियर, सीनियर और मास्टर्स महिला व पुरुष वर्गों में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता नागदा, तराना, खाचरोद, बड़नगर और महिदपुर तहसीलों के खिलाड़ी भाग लेंगे। स्पर्धा के दौरान खिलाड़ियों के लिए नकद पुरस्कारों के अलावा 12 स्ट्रांग मैन और स्ट्रांग वूमेन बेस्ट लिफ्टर अवार्ड के आकर्षक खिताब भी रखे गए हैं।

### आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन

**उज्जैन।** जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के 100 दिवसीय निःक्षय शिविर के अंतर्गत उज्जैन जिले में 24 मार्च से आयुष्मान आरोग्य शिविरों का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। इस परिपालन में 7 मई को उच्च जोखिम वाले परिवर्तन नशा मुक्ति केन्द्र में आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में टीवी, एचआईव्ही, ब्लड शुगर, बीपी, हिमोग्लोबिन आदि की जांच की गई। उक्त शिविर में लगभग 75 चेस्ट एक्सरे हैंडहेल्ड एक्सरे मशीन द्वारा किए गए। इस अवसर पर एनटीईपी स्टॉफ द्वारा आमजनों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गई।

# आयशर- ऑटो की भिड़ंत, 3 की मौत

**उज्जैन। इंदौर रोड पर बुधवार गुरुवार रात भीषण सड़क हादसा हो गया। आयशर और ऑटो के बीच हुई भिड़ंत में तीन युवकों की मौत हो गई। एक की हालत नाजुक बनी हुई है जिसका उपचार वेंटिलेटर पर चल रहा है।**

नानाखेड़ा थाना पुलिस ने बताया कि रात 2 बजे के लगभग इंदौर रोड पंथ पिपलाई के पास ऑटो और आयशर में भीषण भिड़ंत होने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची थी ऑटो के परखचचे उड़ चुके थे। बमुश्किल उसमें सवार तीन युवकों और चालक को बाहर निकाला गया। अस्पताल पहुंचने पर 3 की मौत होना सामने आया। एक की हालत गंभीर होने पर निजी अस्पताल में वेंटिलेटर पर रखा गया है। मृतकों की पहचान करने पर उनके नाम गोलू उर्फ आकाक्ष पिता दीपक ठाकुर, चिराग पिता संजय सोलंकी और विशाल विशाल पिता राजकुमार रावत निवासी इंदौर लसूडिया थाना क्षेत्र के रहने वाले सामने आए। घायल ऑटो चालक जितेंद्र पिता सुरेश कछयाय इन्दौर है। दुर्घटना की सूचना सभी के परिजनों को दी गई जो अलसुबह उज्जैन पहुंच गए थे। परिवार ने बताया कि तीनों मृतक दोस्त थे और महाकाल दर्शन करने के लिए उज्जैन आ रहे थे। पुलिस ने तीनों मृतकों का पोस्टमार्टम करा कर बॉडी परिजनों को सौंपी है बताया जा रहा है कि दुर्घटना के बाद आयशर का चालक भाग निकला था, जो उज्जैन से इंदौर की ओर जा रहा था। तीनों मृतक मजदूरी करते थे।

# नागदा में खुद पर पेट्रोल डालकर युवक ने किया आत्मदाह

**▸ परिवार के 3 सदस्य झुलसे, 3 साल की मासूम गंभीर**



**उज्जैन। पारिवारिक विवाद में ससुराल में रहने वाले युवक ने बुधवार रात पेट्रोल डालकर आत्मदाह कर लिया। उसे बचाने में परिवार के चार सदस्य झुलस गये। जिसमें 3 वर्षीय मासूम की हालत गंभीर है। झुलसे सदस्यों को उज्जैन लाया गया है।**

नागदा के पाल्यारोड पर रहने वाला अनिल पिता कालूराम दम्मानी 19 साल का सालभर पहले बिरलाग्राम की इंद्रपुरी में रहने वाली तुन 16 साल से विवाह हुआ था। शादी के बाद ही अनिल अपने ससुराल में रहने आ गया था। बुधवार देर शाम अनिल बायपास मार्ग के पेट्रोल पंप पहुंचा और डीजल की बाल्टी लेकर घर लौट आया। जहां उसने खुद पर पेट्रोल डाला और आग लगा ली। उसे लपटों से घिर देख पत्नी तुन, मौसी के लड़के पवन की पत्नी सोनाबाई और सास कालीबाई पति कैलाश जैन ने बचाने का प्रयास किया। इस दौरान सोनाबाई की 3 वर्षीय पुत्री दिशा भी आग की चपेट में आ गई। भयावह घटना देख आसपास के लोगों ने बचाने का प्रयास शुरू किये। अनिल सौ प्रतिशत झुलस चुका था, जिसकी मौके पर मौत हो गई। मासूम दिशा 80 प्रतिशत से अधिक कालीबाई 20 प्रतिशत और सोनाबाई मामूली रूप से झुलसी है। जिन्हें उपचार के लिये उज्जैन रैफर किया गया है।

### साले की पत्नी से बात करने पर हुआ विवाद

बिरलाग्राम थाना प्रभारी जितेन्द्र पाटीदार ने बताया कि घटना की जानकारी लगने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। मासूम की हालत चिंताजनक थी। जांच में सामने आया कि खुद पर पेट्रोल डालकर आत्मदाह करने वाला अनिल अपने साले की पत्नी से बातचीत करता रहा था, जिसको लेकर पत्नी तनु से विवाद होता था। शाम को भी इसी बात पर विवाद हुआ था, जिसके बाद अनिल ने आत्मघाती कदम उठाया।

# सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी का प्रतिभा सम्मान समारोह

**▸ 10वीं व 12वीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले होंगे सम्मानित**

**उज्जैन।** प्रतिभाओं को सम्मानित करने के लिए यूं तो अनेक संस्थाएं विभिन्न प्रकार के आयोजन करती रहती है। लेकिन सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी शहर के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं के लिए 41वां प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। आयोजन होटल इंपिरियल में संपन्न होगा। संस्था अध्यक्ष पंकज जायसवाल एवं संरक्षक सैयद आबिद अली मीर ने बताया कि 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को इस समारोह में सम्मानित किया जाएगा। उप संयोजक पं. दीपक पांडे एवं उपाध्यक्ष सोनू सिंह आनंद के अनुसार समारोह में एमपी बोर्ड एवं केंद्रीय विद्यालय के विद्यार्थी आवेदन करने के पात्र हैं। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 93026 39292 पर संपर्क किया जा सकता है। जानकारी संयुक्त सचिव गंगाधर माहा एवं प्रवक्ता सैयद आशिक अली ने दी।

### प्रतिभाशाला विद्यार्थी यहां जमा करें अंकसूची

प्रतिभाशाली विद्यार्थी अपनी अंकसूची की फोटोकॉपी और एक पासपोर्ट साइज फोटो के साथ आवेदन कर सकते हैं। मार्कशीट की फोटोकॉपी के पीछे अपना नाम, पता, मोबाइल नंबर और प्रतिशत लिखना अनिवार्य है। विद्यार्थी अपने आवेदन श्री जी फाइनेंस फ्रीगंज, नूरजहां मेहंदी वाला कमरी मार्ग, होटल शाही दरबार नानाखेड़ा शांति पैलेस चौराहा, कैट कॉम कंप्यूटर फ्रीगंज, पंकज किराना स्टोर मुरलीपुरा, जुबली मेडिकल मदार गेट, हाजी रहीम भाई भूरा भाई साइकिल वाले एटलस चौराहा, सना बुटीक भैरूगढ़ या संस्था कार्यालय 48 अमरपुरा पर 25 जून तक जमा कर सकते हैं। संस्था प्रतिवर्ष यह आयोजन करती है।

# अब धूप में श्रद्धालु नंगे पैर महाकाल दर्शन कर सकेंगे



**उज्जैन।** महाकाल मंदिर में भीषण गर्मी के दौरान दर्शन के लिए आने वाले हजारों श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए हीट प्रूफ पाथ-वे का निर्माण कराया है। इस पर चलने पर श्रद्धालुओं को पैर नहीं जलेंगे।

मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने इस संबंध में विशेष व्यवस्था करने के निर्देश दिए थे। समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया कि तेज गर्मी में मंदिर परिसर में फर्श व सड़क काफी गरम हो जाती है। नंगे पैर श्रद्धालुओं को चलने पर परेशानी न आए इसको ध्यान में रखते हुए महाकाल महालोक में दर्शन पथ पर लगभग 13 हजार स्क्वेयर फीट में हीट प्रूफ पाथ-वे सोलर रिफ्लेक्टिव पेंट का निर्माण कार्य किया है। यह हीट प्रूफ पाथ-वे नीलकंठ से पंचमुखी हनुमान, मानसरोवर से होते हुए शंख द्वार एवं बड़ा गणेश मंदिर तक किया गया है।

# ऑनलाइन पेमेंट को लेकर महाकाल दर्शन को आए गाजियाबाद के श्रद्धालुओं से मारपीट

**▸ पत्नी और बच्चा बीच बचाव में आए तो उन्हें भी जड़ दिए लात-घूंसे**

**उज्जैन।** ऑनलाइन पेमेंट को लेकर बीती रात गाजियाबाद से आए श्रद्धालु परिवार के साथ दुकानदार और उसके यहां काम करने वालों ने मारपीट कर दी। मामला पुलिस के पास पहुंचा है। घायल श्रद्धालु का चरक अस्पताल में प्राथमिक उपचार कराया गया।

गाजियाबाद से बाबा महाकाल के दर्शन करने आए विश्वबंधु पिता देशबंधु मेहरा ने बताया कि वह अपनी पत्नी मोनिका और पुत्र वंश के साथ एक दिन पहले ही उज्जैन पहुंचे थे। कहारवाड़ी क्षेत्र की होटल में उन्होंने रूम बुक किया है। बीती शाम बाबा महाकल की शयन आरती में शामिल होने के बाद वह क्षेत्र में घुमते हुए रात के समय अपनी होटल पहुंचे थे। इसी दौरान वहां एव्हरफ्रेश दुकान से उन्होंने कोल्ड्रिंक्स के साथ पानी की बोतल खरीदी। उन्होंने दुकानदार से ऑनलाइन पेमेंट करने के लिए क्यूआर कोड मांगा जिस पर दुकानदार ने नगद रुपए देने की बात कही। उन्होंने ऑनलाइन पेमेंट होने की बात कही तो दुकानदार और उसके कर्मचारियों ने विवाद करते हुए मारपीट शुरू कर दी। पत्नी और बच्चा बीच बचाव में आए तो उन्हें भी लात-घूंसे मारे गए।

**पत्रकारवार्ता ▸ चक्काजाम को लेकर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता राजेंद्र भारती ने दी कड़ी प्रतिक्रिया**

# कांग्रेस और जीतू पटवारी किसानों से मांगे माफी



**उज्जैन।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता राजेंद्र भारती ने मप्र कांग्रेस द्वारा प्रस्तावित किसान चक्काजाम आंदोलन को लेकर पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि यह चक्काजाम निजी राजनीतिक स्वार्थ का चक्काजाम है। यह आमजन को बंधक बनाने जैसा कृत्य है, जिससे एंबुलेंस और अग्निशमन जैसी आपात सेवाएं प्रभावित होंगी।

किसानों के नाम पर किया जा रहा यह आंदोलन गैर-जिम्मेदाराना और जनविरोधी है। कांग्रेस व जीतू पटवारी को किसानों के मुद्दे पर आंदोलन नहीं, बल्कि छल व झूठ के लिए माफी मांगना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार किसानों से एक-एक दाना गेहूं खरीदने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। कांग्रेस ने कर्जमाफी के झूठे वादों से किसानों को डिफाल्टर बना दिया था, भाजपा सरकार ने किसानों की लगभग 2800 करोड़ की राशि जमा कर उन्हें डिफाल्टर की श्रेणी से बाहर निकाला।

भारती ने कहा कि किसानों के कल्याण के लिए गठित स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को भी कांग्रेस सरकारों ने वर्षों तक लागू नहीं किया। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी को पहले किसानों से माफी मांगनी चाहिए और यह बताना चाहिए कि कांग्रेस सरकारों, विशेषकर 15 माह की कमलनाथ सरकार ने किसानों के लिए क्या ठोस कार्य किए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आंदोलन करने से पहले आत्मचिंतन करे और किसानों से माफी मांगे। पत्रकार वार्ता में भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल, प्रदेश प्रवक्ता विवेक गुप्ता, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी राकेश पंड्या, मीडिया प्रभारी दिनेश जाटवा, नगर महामंत्री आनन्दसिंह खींची उपस्थित थे।